हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 16 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 17 .7 डिग्री

12 12 वर्षों में देश ने विकास व सुशासन में ऐतिहासिक ...



12 योग जीवन का अभिन्न अंग, रोग प्रतिरोधक क्षमता को ...




## खबर संक्षेप

### हाईवे से जीटी रोड पर नोट उड़ाकर रील बनाई

**पानीपत।** पानीपत में एलिवेटेड हाईवे से लाल बत्ती के पास डाक खाने की ओर युवकों ने नीचे सड़क पर दस-दस रुपये के नोट उड़ाए और रील बनाई। वहीं राहगिरों द्वारा नोट उठाने के चक्कर में जीटी रोड पर यातायात बाधित हो गया। वहीं घटनास्थल पर ट्रैफिक पुलिस खड़ी रही, जो कि रील उठाने वालों के सामने बेबस नजर आई। हालांकि पुलिस ने सड़क पर नोट उठा रहे लोगों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन राहगिर नहीं मनाने जब तक नोट उपर से नीचे गिरते रहे, लोग उन्हें उठाते रहे। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इस मामले की रिपोर्ट तलब की है।

### फ्रीस्टाइल कुश्ती में सागर ने जीता गोल्ड

**पानीपत।** एशिया महाद्वीप के देश मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में पानीपत के नौल्था गांव के सागर जागलान ने स्वर्ण पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में भारतीय कुश्ती दल ने कुल 18 पदक हासिल किए। जिनमें से हरियाणा के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण और 9 कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते। वहीं, सागर जागलान ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में रूस के खिलाड़ी को 3-2 से हराकर यह स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी जीत के साथ ही हरियाणा के पहलवानों ने पदकों की झड़ी लगा दी, जिससे राज्य और देश का नाम रोशन हुआ।



### बुआना लाखु में ग्रामीण की डूबने से मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखु में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे तालाब में भैंस को नहलाने गए 45 वर्षीय धर्मपाल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद धर्मपाल का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 13 जून को दोपहर ढाई बजे किसी काम से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव धनोरा निवासी मलकीत कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नौकरी के सपने ने कुरुक्षेत्र के युवक को नारकीय हालात में पहुंचाया

# डंकी रूट का दर्द झेला, 7 महीने जेल में काटने पड़े

**एजेंट ने 9 लाख रुपये लेकर भेजा दिया बेलारूस**

*फौजी प्लॉट कॉलोनी निवासी टैक्सी चालक मनोज ने बेटे का सपाना पूरा करने के लिए प्लॉट बेचकर जुटाए थे पैसे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

बेहतर भविष्य और यूरोप में नौकरी के सपने ने कुरुक्षेत्र के युवक रोहित को ऐसे नरकीय हालात में पहुंचा दिया, जहां उसे महीनों तक भूख, ठंड, मारपीट और जेल की यातना सहनी पड़ी।

मोल्दोवा भेजने के नाम पर एक एजेंट ने परिवार से 9 लाख रुपये लेकर युवक को सीधे फ्लाइट की बजाय डंकी रूट के जरिए बेलारूस और लातविया बॉर्डर तक पहुंचा दिया। आखिरकार करीब सात महीने जेल में रहने के बाद भारतीय दूतावास की मदद से युवक अपने घर लौट पाया। फौजी प्लॉट कॉलोनी निवासी रोहित ने बताया कि उसके पिता मनोज कुमार टैक्सी चालक हैं। परिवार ने अपना प्लॉट बेचकर और उधार लेकर पिहोवा की पूजा कॉलोनी निवासी एजेंट विजय शर्मा को 9 लाख रुपए दिए थे। एजेंट ने उसे सीधे यूरोपीय देश मोल्दोवा भेजने का भरोसा दिया था, लेकिन 9 अक्टूबर 2025 को उसे दुबई भेज दिया गया।

वहां से रूस का वीजा भेजकर मॉस्को पहुंचाया गया, जहां एक पाकिस्तानी एजेंट के हवाले कर दिया गया। रोहित के अनुसार, पाकिस्तानी एजेंट ने पहले उसके डॉलर छीन लिए और बाद में पैसों की मांग शुरू कर दी। पैसे नहीं मिलने पर खाने-पीने की सुविधा बंद कर दी गई।

उसे बेलारूस में कड़ाके की ठंड के बीच तंबू में रखा गया, जहां रात का तापमान माइनस 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था। ओढ़ने के लिए कंबल तक नहीं दिया गया। रोहित ने बताया कि खाने के नाम पर केवल ब्रेड और पैकेट में गाय का मांस दिया जाता था।

### एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग

रोहित के पिता मनोज कुमार ने बताया कि बेटे को विदेश भेजने के लिए उन्होंने अपनी जमा-पूंजी और प्लॉट तक बेच दिया था। इसके बावजूद एजेंट ने धोखा देकर उसे डंकी रूट से भेजा, जिससे उसे भारी यातनाएं झेलनी पड़ीं और जेल तक जाना पड़ा। परिवार अब आरोपी एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने की तैयारी कर रहा है। परिवार का कहना है कि एजेंट ने 9 लाख रुपये लेने के बावजूद न केवल धोखाधड़ी की, बल्कि उनके बेटे की जिंदगी भी खतरे में डाल दी। अब वे मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई चाहते हैं।

### 13 जून को रोहित भारत लौटा



दोबारा पाकिस्तानी एजेंट के चंगुल में फंसने के बाद रोहित और उसके साथी को बेलारूस की राजधानी मिन्स्क में पुलिस के हवाले कर दिया गया। कोर्ट के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया। करीब सात महीने तक जेल में रहने के बाद भारतीय दूतावास ने उनका इमरजेंसी पासपोर्ट बनवाया। परिवार ने टिकट भेजी और 13 जून को रोहित भारत लौट आया।

### पूछताछ के दौरान करंट के झटके दिए

हिंदू होने के कारण उसने बीफ खाने से इनकार कर दिया और कई दिनों तक केवल ब्रेड खाकर गुजारा किया। एजेंट चाकू दिखाकर और बाल खींचकर पैसों की मांग करता था। युवक ने वीडियो बनाकर घर भेजी, जिसके बाद परिवार ने एजेंट से संपर्क किया। आरोप है कि एजेंट ने रोहित के पिता से करीब साढ़े पांच लाख रुपये और ले लिए, लेकिन वह रकम आगे नहीं पहुंचाई गई। इसके बाद रोहित को और अधिक प्रताड़ित किया गया। बाद में परिवार ने अलग से डॉलर भेजे, तब जाकर उसे अन्य लोगों के साथ बेलारूस-लातविया सीमा तक ले जाया गया। रोहित ने आरोप लगाया कि सीमा पार करते ही लातविया की सेना ने उसे पकड़ लिया। मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और घंटों सिर झुकाकर बैठाए रखा गया। इसके बाद मारपीट की गई तथा पूछताछ के दौरान करंट के झटके भी दिए गए। बाद में उन्हें सीमा पार वापस फेंक दिया गया और दोबारा आने पर गोली मारने की धमकी दी गई।

## पश्चिमी यमुना नहर से बरामद हुआ नेपाल की युवती का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



**अपनी बहन के साथ 12 दिन पहले नेपाल से भारत आई थी सुशीला**

तीन दिन से गायब नेपाल निवासी 24 वर्षीय सुशीला का शव देर शाम बाड़ी माजरा पुल के पास से बरामद हुआ। सुशीला 12 दिन पहले अपनी बहन के साथ नेपाल से भारत आई थी। इसके बाद जगाधरी स्थित फोर शाइन ब्यूटी सैलून पर काम रहने लगी। गांव झिवरहेड़ी निवासी अतितेश पर सुशीला का अगवा करने का आरोप लगा था। पुलिस को अतितेश की बाइक फतेहगढ़ पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर के किनारे से बरामद हुई थी। फिलहाल अतितेश अभी भी लापता है। पुलिस को उसका अभी तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने सुशीला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा उसकी बहन के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

सुशीला की बहन बसंती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि दोनों बहनें करीब 12 दिन पहले नेपाल से भारत लौटी थी। इसके बाद वह अपनी सहेली के पास लुधियाना चली गई जबकि सुशीला जगाधरी में अपनी मौसी की बेटी ज्योति के पास रहने लगी और फोर शाइन ब्यूटी सैलून में नौकरी करने लगी। बसंती के अनुसार 12 जून की शाम करीब साढ़े पांच बजे गांव झिवरहेड़ी निवासी अतितेश सैलून में आया और सुशीला को अपने साथ ले गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। ज्योति ने बताया था कि अतितेश और सुशीला पहले से एक-दूसरे को जानते थे। सुशीला का मोबाइल भी सैलून में चार्जिंग पर ही लगा मिला था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी बीच शनिवार को फतेहगढ़ पुल पर अतितेश की बाइक लावारिस हालत में खड़ी मिली। इसके बाद पुलिस को दोनों के नहर में गिरने या डूबने की आशंका हुई और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। पुलिस को देर शाम बाड़ी माजरा पुल के पास नहर में एक युवती का शव तैरता हुआ दिखाई देने की सूचना मिली थी। जांच अधिकारी संतोष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोर राजीव व अमर सिंह की सहायता से शव को बाहर निकलवाया। इसकी सूचना बसंती को दी गई।

## बाइक सवार दो युवकों ने व्यक्ति से छीन लिए दो हजार रुपये

*पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

रादौर थाना क्षेत्र के गांव अमरोहा में बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति से दो हजार रुपये छीन लिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार अनुज कुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह थाना छप्पर क्षेत्र में किराए के मकान पर रहता है। रविवार को दोपहर 12 बजे वह गांव अमरोहा में किसी काम से आया था। इस दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपी युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने जबरदस्ती उसकी जेब से दो हजार रुपये छीन लिए और मौके से भाग गए।

### पीड़ित ने किया पीछा

उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

*महिला को एएसओ लगाने के नाम पर ठगे से साढ़े दस लाख, जांच में आरोपियों से फर्जी नियुक्ति पत्र भी मिले*

*आर्थिक अपराध शाखा ने दो आरोपियों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से धर-दबोचा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से धर-दबोचा गया। नारायणगढ़ की रहने वाली एक महिला ने 30 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 'योगी आनंद गिरि महाराज' नामक व्यक्ति ने उसे एएसओ के पद पर सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। आरोपी ने पीड़ित महिला का विश्वास जीतकर 21 दिसंबर 2025 के दौरान नौकरी लगवाने के एवज में 10 लाख 50 हजार रुपए की नकदी और गहनों की ठगी की।

शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद जांच की जिम्मेदारी आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी। जांच टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन छानबीन के आधार पर जाल बिछाया। पुलिस टीम ने दबिश देकर लखनऊ से मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान यूपी के लखनऊ के रहने वाले आनंद पंडित उर्फ प्रेम शंकर व विजय वर्धन निवासी गौतम नगर लखनऊ के तौर पर हुई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी नियुक्ति पत्र घटना में इस्तेमाल किया गया लैपटॉप, ठगी की गई राशि बरामद की गई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को रिमांड पर लिया गया।

## आशा वर्कर को वॉट्सएप पर भेजी अश्लील फोटो, आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** आशा वर्कर्स को वॉट्सएप पर व्यक्ति ने अश्लील फोटो भेज दी। आरोपी काफी समय से महिला को परेशान कर रहा था। महिला ने आरोपी को कई बार चेतावनी भी दी, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोपी उसे आते-जाते परेशान करता रहा। शाहबाद के गांव की रहने वाली आशा वर्कर ने बताया कि ड्यूटी के दौरान उसे गांव में घर-घर जाना पड़ता है। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति सतविंद्र सिंह लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था। आरोपी पहले भी उससे अश्लील बातें और बदसलूक करता था। उसने आरोपी को कई बार वार्निंग भी दी।

**आरोपी पहले पीड़ित से पहले भी कर चुका था अश्लील बातें और बदसलूकी**

आशा वर्कर के मुताबिक, 9 जून को दोपहर करीब 3 बजकर 28 मिनट पर उसके वॉटसएप पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज खोला तो उसमें आरोपी की अश्लील फोटो थी। आरोपी ने उसे अपने प्राइवेट पार्ट की फोटो भेजी थी। इसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। उसने घटना की जानकारी अपने पति और परिवार को दी। साथ ही फोटो का स्क्रीनशॉट भी ले लिया।

## अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह के दो सदस्य दबोचे

- वारदात में लूटी गई सोने की चेन, इस्तेमाल की गई गाड़ी और मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

सीआईए-2 की टीम ने बेहद शातिर तरीके से चेन स्नेचिंग करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में लूटी गई सोने की चेन, वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी और मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वारदात करने के अपने अनोखे और शातिर तरीके का खुलासा किया। आरोपी सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर 'गिट्टियां खेलने' का बहाना बनाते थे। वे राहगीरों को इस खेल में शामिल होने का लालच देते थे। जैसे ही पीड़ित का ध्यान खेल में पूरी तरह लग जाता, गिरोह के अन्य सदस्य वहां कृत्रिम भीड़ इकट्ठा कर लेते थे। इसी भीड़भाड़ और ध्यान भटकने का फायदा उठाकर आरोपी बड़ी सफाई से पीड़ित के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो जाते थे। जांच अधिकारी ने बताया कि इस केस में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी मोगा पंजाब का रहने वाले हरजोत को काबू किया है।




**अंबाला।** पकड़े गए चेन स्नेचिंग गिरोह के सदस्य।

### आरोपी शातिर व आदतन अपराधी

गौरतलब है कि 21 मई 2026 को शिवालिक कॉलोनी के मुकुल ने थाना बलदेव नगर में कुछ व्यक्तियों के खिलाफ सोने की चेन छीनने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, रेजिंटा होटल (सद्दोपुर) के पास आरोपियों ने उनका ध्यान भटकाकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सीआईए-2 को सौंपी थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी शातिर व आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ पंजाब के खरड़, धर्मकोट, रोपड़ और मोगा जिलों के विभिन्न थानों में लूट और चैन स्नेचिंग के करीब 6 मामले पहले से दर्ज हैं।

## प्रतिबंधित 750 गोलियों और 132.60 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थान से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित दवाई अल्प्राजोलम की 750 गोलियां तथा 132.60 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात एसआई जगदीप सिंह ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। टीम को सूचना मिली थी कि कैंप क्षेत्र में एक युवक प्रतिबंधित दवाई की नशीली गोलियों के साथ घूम रहा है।

**पुलिस ने दोनों युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया**

सूचना मिलते ही वह टीम के साथ रेलवे पुल कैंप क्षेत्र में पहुंचे। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई अल्प्राजोलम की 750 गोलियां बरामद हुई। जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

**आस्था, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम बनी धर्मनगरी, श्रद्धालुओं ने किया स्नान व पिंडदान**

# सोमवती अमावस्या पर ब्रह्मसरोवर में उमड़ा आस्था का सैलाब

- श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से स्नान कर भगवान का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर में आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रातःकाल से ही ब्रह्मसरोवर में पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने पितरों की शांति एवं मोक्ष की कामना के लिए पिंडदान और तर्पण भी किया। सोमवती अमावस्या के महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं का आगमन रविवार से ही शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात और तड़के ही कुरुक्षेत्र पहुंच गए थे। सुबह श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से स्नान कर भगवान का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मान्यता है कि इस दिन पवित्र जल में स्नान कर दान-पुण्य और पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष दूर होता है तथा पूर्वजों को शांति मिलती है। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पिंडदान और श्राद्ध कर्म संपन्न किए। ब्रह्मसरोवर के समीप कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस प्रशासन और यातायात कर्मियों ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हुए थे। सुरक्षा की दृष्टि से भी पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर कई समाजसेवी संस्थाओं, धार्मिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा अनेक स्थानों पर छबील लगाकर श्रद्धालुओं को शीतल जल, शरबत और अन्य पेय पदार्थ वितरित किए गए।

### श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में डाली आहुति और भंडारे में चखा प्रसाद



सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा, रेलवे रोड, कुरुक्षेत्र द्वारा हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सभा के पदाधिकारियों ने सोमवती अमावस्या के महत्व की जानकारी दी और धर्म एवं समाजहित के कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान राजकुमार धीमान, उपाध्यक्ष रमेश कुमार धीमान, सचिव मेहरचंद धीमान, कोषाध्यक्ष रामेश्वर दयाल, ऑडिटर संत कुमार आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका हरियाणा का लाल गुरवंश अरोड़ा, जीता पदक

- मार्शल आर्ट तथा पैंक्रेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शाहबाद



**कुरुक्षेत्र।** कोच अमित धारीवाल कि साथ गुरवंश अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

शाहबाद की खेल प्रतिभा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। होनहार खिलाड़ी गुरवंश अरोड़ा ने वियतनाम के दा नांग शहर में 7 से 9 जून तक आयोजित एशिया और ओशिनिया मार्शल आर्ट तथा पैंक्रेशन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। गुरवंश के कोच अमित धालीवाल ने बताया कि गुरवंश अरोड़ा ने 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की 84 किलोग्राम से कम भार श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। गुरवंश की उपलब्धी पर चैयरमेन सुभाष कलसाना, मनदीप अरोड़ा आदि ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप



### एडीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**करनाल।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार एडीसी डॉ. राहुल रईया ने मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने वेयरहाउस के भीतर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, विजिटर रजिस्टर तथा आपात कालीन सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा तकनीकी उपकरणों और सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखी जा सके। इस अवसर पर चुनाव नायब तहसीलदार सुदेश राणा सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने दिए प्रवचन



**तरावड़ी।** पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को पुरुषोत्तम माह की महिमा की कथा का रसपान करवाने के लिये तरावड़ी की इडन सेल्फ सिटी में समाजसेवी नरेश अरोड़ा के निवास स्थान पर पहुंचे। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर मार्किट कमेटी के वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, वेद सलूजा, नगरपालिका चेयरमैन वीरेन्द्र बंसल, शिवनाथ कपूर, योगेश मिडडा मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### कैबिनेट मंत्री बेदी का जन्मदिन मनाया

**नरवाना।** नरवाना में सोमवार को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के जन्मदिन के अवसर पर जोरदार स्वागत किया। शहर बधाई शुभकामनाओ के पोस्टर बैनर से अटा पड़ा था। हर कार्यकर्ता ये सोच रहा था कि कहीं मेरी फोटो देखने से न रह जाए। कैबिनेट मंत्री का काफिला रेलवे स्टेशन से शुरू हो कर आर्य समाज संस्थाओं में केक काटा गया उसके बाद बाजार से हो हुए सुभाष चौक पर भाजपा के पूर्व प्रैस प्रवक्ता विकेश तागडा की दुकान पर पहुंचा और रुठो को मनाने का काम किया। उसके बाद कैबिनेट मंत्री बाबा गैबी साहब मंदिर पहुंचे, वहां से नागरिक अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए।

# योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर शहर में निकली जागरूकता मैराथन

- एनडीआरआई चौक से गीता द्वार तक दौड़े युवा
- 21 को नई अनाज मंडी में होगा जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में सोमवार को 'योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा' थीम के तहत जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन का शुभारंभ एनडीआरआई चौक से हुआ और इसका समापन गीता द्वार पर किया गया। घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया।

मैराथन में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर योग को अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। एसडीएम राजेश सोनी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की कला है। यदि युवा पीढ़ी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले तो समाज को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा' अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। एसडीएम राजेश सोनी ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर करनाल की नई अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डॉ. सतपाल ने बताया कि जिला प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क के योग शेड में होगा।



**करनाल।** एनडीआरआई चौक से योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम राजेश सोनी। *फोटो : हरिभूमि*

### मैराथन विजेताओं को किया सम्मानित

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में लोकेश ने प्रथम, रोहन ने द्वितीय तथा वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में मानवी प्रथम, दीपिका द्वितीय और नैंसी तृतीय स्थान पर रहीं।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर ग्रामीण चौकीदारों ने किया प्रदर्शन

- तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, 18 जून को पानीपत में होगा राज्य स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ग्रामीण चौकीदार सभा का जिला स्तरीय प्रदर्शन सोमवार को फव्वारा पार्क, करनाल में आयोजित किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान विक्रमजीत सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव एवं राज्य प्रधान मदन कलरा ने किया। प्रदर्शन के बाद चौकीदारों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान विक्रमजीत सिंह और राज्य महासचिव ने संयुक्त बयान में कहा कि ग्रामीण चौकीदार लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 11 हजार रुपये मासिक मानदेय में परिवार का पालन-पोषण करना बेहद मुश्किल हो गया है। कई बार मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपे जाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है, जिससे प्रदेशभर के चौकीदारों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि 16 जून को मेवात, रोहतक, अंबाला, यमुनानगर और चरखी दादरी में भी ज्ञापन सौंपे जाएंगे, जबकि 17 जून को सभा का प्रतिनिधिमंडल पंचकूला में पंचायत विभाग के निदेशक को मांग पत्र देगा। इसके अलावा 18 जून को पानीपत में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



**करनाल।** अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण चौकीदार सभा के सदस्य।

# अधिकारियों को समस्या समाधान के दिए निर्देश

- विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आज अपने कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों अपनी विभिन्न समस्याएं और मांगें विधायक भगवान दास कबीरपंथी के समक्ष रखी। विधायक ने लोगों द्वारा उठाई गई पेयजल, सडक़, बिजली, जल निकासी तथा अन्य जन सुविधाओं से संबंधित समस्याओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है तथा किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्य किया जाए और विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान कराने के लिए वे सदैव तत्पर हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने विधायक के समक्ष अपने सुझाव भी रखे और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे तथा जनता के सहयोग से विकास की गति को और तेज किया जाएगा।



# योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं : गुलाटी

- 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के तहत सेक्टर-33 में आयोजित हुआ योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के अंतर्गत जून माह में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सेक्टर-33 स्थित योग कक्षा में मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया।

योग शिविर में साधकों ने विभिन्न योगासनों एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया और योग के लाभों की जानकारी प्राप्त की। दिनेश गुलाटी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि वर्ष के सभी 365 दिनों तक योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में योग की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक विकास संभव है। योग व्यक्ति को मजबूत, ऊर्जावान और निरोगी बनाता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को भी नियमित योग के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# युक्तधारा पोर्टल से विकास कार्यों में बढ़ेगी पारदर्शिता : डॉ. वीरेंद्र

- जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में वीबी ग्राम जी के अंतर्गत युक्तधारा द्वारा ग्राम पंचायतों की जीआईएस आधारित निगरानी विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि युक्तधारा पोर्टल का उद्देश्य विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, त्रुटियों को कम करना तथा श्रमिकों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जीआईएस आधारित भू-स्थानिक योजना एवं निगरानी प्रणाली विकास कार्यों की बेहतर योजना, परिसंपत्तियों के सटीक मानचित्रण तथा प्रभावी निगरानी में सहायक सिद्ध होगी।



## कर्मचारियों ने 4 और 18 जुलाई को बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दी

# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

- सरकार कर्मचारियों की मांगों की कर रही अनदेखी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को करनाल सहित पूरे प्रदेश में कार्यकारी अभियंताओं को कर्मचारियों की मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपे गए।

करनाल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान रंगलाल संधू ने की, जबकि संचालन जिला सचिव रोहतास खोखर ने किया। कार्यक्रम में राज्य महासचिव जरनैल सिंह, राज्य जॉइंट सेक्रेटरी अंकित राणा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवा राम बड़सरा, जिला कैशियर राजपाल बसताड़ा, उपप्रधान रामकुमार कश्यप तथा यूनियन के पूर्व राज्य प्रधान कृष्ण चंद शर्मा मौजूद रहे। राज्य महासचिव जरनैल सिंह ने बताया कि कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन के तहत 15 जून को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालयों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे गए हैं। 16 जून को बीएंडआर तथा सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंताओं को ज्ञापन दिया जाएगा। 4 जुलाई को भिवानी में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर तथा 18 जुलाई को हिसार में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों कर्मचारी भाग लेंगे।

कृष्ण चंद शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। वहीं अंकित राणा ने कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में भाग लेने का आह्वान किया। कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, स्थायी भर्ती करने, रेशनलाइजेशन नीति रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कौशल रोजगार निगम को भंग करने तथा रिक्त पदों को नियमित भर्ती से भरने की मांग उठाई।




**करनाल।** कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के पदाधिकारी।

### मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में सहयोग करें नागरिक : पराग गाबा

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने हरियाणा में 15 जून से शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर-2026) को लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की।

पराग गाबा ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे तथा गणना फॉर्म वितरित करेंगे। प्रत्येक पात्र मतदाता को सही जानकारी के साथ फॉर्म भरकर समय पर जमा करवाना चाहिए, ताकि उसका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित बना रहे।कांग्रेस कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## न्यूज डायरी

### शोभायात्रा को महापौर ने दिखाई हरी झंडी



**करनाल।** रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर से श्री अमरनाथ युवा मंडल द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा को महापौर रेणु बाला गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बाबा बर्फानी और भगवान भोलेनाथ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महापौर ने कहा कि बाबा अमरनाथ की पावन यात्रा भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। यह यात्रा त्याग, अनुशासन, सेवा और समर्पण का संदेश देती है तथा समाज में भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश और देशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। महापौर ने कहा कि अमरनाथ यात्रा जीवन में धैर्य, विश्वास और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा प्रदान करती है। शोभायात्रा के दौरान धार्मिक झांकियों, भजन-कीर्तन और जयकारों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर पार्षद राजेश अग्घी, पार्षद हरजीत सिंह संधू, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सोमवती अमावस्या पर गऊशाला में हुआ हवन



**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला में सोमवती अमावस्या के अवसर पर देवधाम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, परिवारों में सुख-समृद्धि तथा समाज के कल्याण की कामना की गई। इस दौरान सामूहिक रूप से गायों की सेवा एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

हवन यज्ञ में यजमान के रूप में देवेंद्र अग्रवाल, भारत भूषण कपूर, अमित गुप्ता और हरिप्रकाश गुप्ता ने भाग लिया। वहीं महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की 108 प्रदक्षिणा कर अटल सुहाग की कामना की। श्री कृष्ण गऊशाला के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एस.के. गोयल ने कहा कि सनातन धर्म में अमावस्या का विशेष महत्व है, लेकिन सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है, जिसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की पहली सोमवती अमावस्या अधिकमास अर्थात पुरुषोत्तम मास में पड़ रही है। इस कारण यह पितरों की शांति एवं तृप्ति के लिए भी विशेष फलदायी मानी जाती है। इस अवसर पर विकास बंसल, गुरदयाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, बलबीर लाठर, नरेश गुप्ता, अरुण बंसल और संजय बत्तरा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रोजगार कार्यालय में विशेष शिविर लगाया



**करनाल।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत मंडल रोजगार कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना संबंधी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मंडल रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में युवाओं को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया और अन्य प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य युवाओं को देश की अग्रणी कंपनियों और संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी और उन्हें उद्योगों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि तक इंटर्नशिप के साथ नियमानुसार वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।

### देश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुईं : जगमोहन



**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने आर्थिक स्थिरता, टैक्स सुधार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि अमृतकाल का यह दौर भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिला रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोग गरीबी से बाहर आए हैं तथा आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। जीएसटी सुधारों ने व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाया है, जबकि आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर और उमंग जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने सुशासन को नई दिशा दी है। विधायक ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन, मेट्रो विस्तार, नमो भारत कॉरिडोर और उड़ान योजना जैसी पहल से देश का बुनियादी ढांचा तेजी से मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आज का भारत विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

### दादा खेड़ा कमेटी के दोबारा प्रधान बने संजीव कौशिक



**करनाल।** नगर खेड़ा प्रांगण असंध में शहर के सर्वसमाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दादा खेड़ा कमेटी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान वर्तमान प्रधान संजीव कौशिक ने अपने पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में किए गए सामाजिक एवं विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। संजीव कौशिक ने बताया कि उनके कार्यकाल में दादा खेड़ा प्रांगण में सौंदर्यीकरण के कई कार्य कराए गए तथा जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में भी सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि कमेटी की ओर से पिछले तीन वर्षों से सामान्य नागरिक अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के लिए निरंतर जलपान सेवा चलाई जा रही है। बैठक में उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से उन्हें पुनः दादा खेड़ा कमेटी का प्रधान नियुक्त किया। इस अवसर पर डॉ. बूटी राम, शिशन गोयल, नरेश मेहता, शिवकुमार गोयल, विजय गोयल, योगेश कंसल, दीपक छाबड़ा, संदेश जिंदल, हिमांशु छाबड़ा, रामावतार जिंदल, अंकुर मित्तल, विशाल गोयल, संजय भट्ट, सतबीर मुनीम, मास्टर प्रवीन हुड्डा, हंसराज वत्स, आदि उपस्थित रहे।

### 24 बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है चीनी मिल

**करनाल।** गन्ना जिले की प्रमुख नकदी फसलों में शामिल है और बड़ी संख्या में किसान इसकी खेती करते हैं। अधिकांश किसान अपना गन्ना सीधे चीनी मिल में पहुंचाते हैं, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य और समय पर भुगतान मिलता है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है। करनाल सहकारी चीनी मिल का निर्माण वर्ष 1976 में 116 एकड़ भूमि पर किया गया था। उस समय इसकी पेराई क्षमता 1250 टन प्रतिदिन थी और वर्ष 1976-77 में पहला पिराई सत्र शुरू हुआ। गन्ने की बढ़ती पैदावार को देखते हुए वर्ष 1991-92 में इसकी क्षमता बढ़ाकर 2200 टीसीडी कर दी गई। इसके बाद वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री स्वर्ण जयंती परियोजना के तहत इसका विस्तार कर क्षमता 3500 टीसीडी तक पहुंचाई गई। मिल में आधुनिक तकनीक के माध्यम से सल्फर फ्री रिफाइंड शुगर का उत्पादन किया जा रहा है। शीरा, बिजली, मैली और खोई के उत्पादन एवं विक्रय के जरिए भी यह देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है। पर्यावरण मानकों का पालन करने वाली इस मिल ने तकनीकी दक्षता, गन्ना विकास, वित्तीय प्रबंधन और चीनी रिकवरी जैसे क्षेत्रों में 24 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## खबर संक्षेप

### रिश्तेदार ने किया किशोरी के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

पानीपत। हुडा सेक्टर 24 स्थित एक कंपनी परिसर में रहने वाली किशोरी के साथ रात के अंधेरे में उसके ही रिश्तेदार रमेश उर्फ छोटू ने दुष्कर्म किया। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने पीड़ित लडकी के पिता की शिकायत पर आरोपी रमेश के खिलाफ दुष्कर्म करने, हत्या की धमकी देने, 4 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने फरार आरोपी रमेश उर्फ छोटू को पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद रवाना हो गई है।

### अलमारी में रखे नकदी व जेवर चोरी, मुकदमा

**पानीपत।** पानीपत के विजय नगर निवासी होंडा कंपनी के मैनेजर दीपक के घर से चोरों ने अलमारी में रखे डेढ लाख रूपये की नगदी, सोने की एक चेन, सोने की अंगूठी व कान की बाली चोरी कर ली। दीपक की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया। वहीं दीपक ने बताया कि चोरी की इस घटना से उनका करीब चार लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

### नशे के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने गांव जाटल व बिंझौल में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उन्हें नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### पुलिस ने अवैध शराब का तस्कर किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने हरि नगर कॉलोनी में गली में अवैध शराब बेच रहे अमित पुत्र राजकुमार निवासी हरि नगर को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि आरोपी अमित के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### ट्रांसलेटर अफसर बने जलमाना के अंकुश

**बापौली।** पानीपत के गांव जलमाना अंकुश रावल का गृह मंत्रालय में ट्रांसलेटर ऑफिसर पर सिलेक्शन हुआ है। वहीं, पूर्व विधायक भरत सिंह छोक्कर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वागत किया। वहीं, अंकुश ने बताया कि यह उनकी आठवीं सरकारी नौकरी है। इस अवसर पर श्यामलाल हवलदार, प्रीतम रावल, जयपाल रावल, सतपाल रावल, नरेश, सुनील, राजपाल, नारायण दत्त शर्मा जिला परिषद सदस्य आदि ग्रामीणों ने अंकुश का जोरदार स्वागत किया।

### प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता का अभिनंदन किया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित स्थित एमजेआर संस्थान में सैनी सभा द्वारा नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी, चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी, डा.पवन सैनी, सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी, सुभाष सैनी, कंवर रविंद्र सैनी, अक्षिता सैनी, डा.रामपाल सैनी, चेयरमैन गुरूनाम सैनी, चेयरमैन रमेश सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वेद मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला स्थित एवी स्कूल में सनातन प्रहरी संस्थान वेद मंदिर द्वारा साप्ताहिक सत्संग का विधिवत शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में निशांत आर्य और उनकी धर्मपत्नी ऋतु आर्य ने आहुतियां प्रदान की।

### मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने बैठक की

पानीपत। पिछड़ा वर्ग रोडवेज कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन राज्य प्रधान योगी सुभाष चौहान के नेतृत्व में किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में ओबीसी कर्मचारियों ने भाग लेकर प्रमोशन में आरक्षण सहित विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा।

---

### कार्यशाला में 11 प्रान्तों से 42 विशेषज्ञों ने भाग लिया

# इंसान का सबसे पहला सुख निरोगी काया : डॉ. वार्ष्णेय

आरोग्य भारती की वनोषधि प्रचार प्रसार आयाम की कार्यशाला में स्वास्थ्य पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। वनोषधि प्रचार प्रसार आयाम की क्षेत्रीय कार्यशाला में शिकरत करते आरोग्य भारती के पदाधिकारी।

एसडी पीजी कॉलेज में आरोग्य भारती की वनोषधि प्रचार प्रसार आयाम की क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में 11 प्रान्तों से 42 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला चार विभिन्न सत्रों में आयोजित हुई। वहीं, कार्यशाला का उद्घाटन भारत माता तथा आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण और धन्वन्तरि स्तवन के माध्यम से कर किया गया ।

**औषधीय वनस्पतियों का महत्व बताया**

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश पंडित ने अपने मुख्य प्रबोधन में वनौषधि आयाम के उद्देश्य कार्यपद्धति और कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। औषधीय वनस्पतियों का सेवन कर स्वास्थ्य रक्षण, रोगों से बचाव तथा प्राथमिक स्तर पर होने वाले रोगों का ईलाज संभव है। इससे न केवल रोगों का बोझ डिसीज बर्डन कम होगा अपितु बिमारियों पर होने वाले खर्चों में भी कमी आती है।

प्रथम सत्र में राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ अशोक वार्ष्णेय ने कार्यशाला की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आरोग्य भारती हरियाणा के पालक अधिकारी और सह प्रान्त कार्यवाह राकेश त्यागी, वनोषधि प्रचार प्रसार आयाम के राष्ट्रीय संयोजक डॉ दीपक तिवारी, डॉ महेश दधिची मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड भारत सरकार, डॉ नागेश गुलेरिया हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य वन सरंक्षण अधिकारी रिटायर्ड, डॉ दीपक तिवारी, संजीवन कुमार, राष्ट्रीय संयोजक, आरोग्य मित्र योजना, हरियाणा प्रान्त के सह सचिव डॉ बलकार सिंह, प्रान्त सचिव योगी यशपाल आर्य, जिलाध्यक्ष डॉ सुनीत बजाज, जिला वनोषधि प्रमुख डॉ रवि कुमार, जिला पर्यावरण प्रमुख वीरेंदर सिंह को सम्मानित किया गया।

---

# सोमवती अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर कमाया धर्मलाभ

- श्रद्धालुओं ने भंडारे, जल व लस्सी का प्रसाद वितरण कार्यक्रम किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। बरसत रोड पर राहगिरों की जल सेवा करते श्रद्धालु।

जेठ मास की सोमवती अमावस्या पर जहां लाखों लोगों ने यमुना नदी में स्नान कर पूजन कर दानपुण्य किया। वहीं पानीपत बसरत रोड स्थित मलिग ग्रांड प्लाजा में राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील का आयोजन प्लाजा के संचालक मुकेश मलिक, ललित मलिक व पून्य मलिक द्वारा किया गया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में राहगीरों ने शीतल जल ग्रहण कर राहत महसूस की। आयोजकों ने इसे सेवा और पुण्य का कार्य बताते हुए सभी के सुख समृद्धि की कामना की। वहीं स्थानीय लोगों ने इस सामाजिक एवं धार्मिक पहल की सराहना की। इस अवसर पर सेवा करने वालों में मनीष, राजकुमार, रिंकू, दीपक, मंजीत, शिवम, स.सुखदेव सिंह, सोनू शर्मा आदि शामिल रहे। दूसरी ओर, सोमवती अमावस्या एवं अधिकमास के अंतिम दिवस पर वृंदावन ट्रस्ट पानीपत द्वारा श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए शीतल लस्सी वितरण सेवा की गई। इस अवसर पर संजय शालवाले, जोगिंदर कुंडू, नवीन गर्ग और बलदेव गांधी आदि उपस्थित रहे।

## पानीपत में जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 20 से



**पानीपत।** पानीपत डिस्ट्रिक बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आगामी 20, 21 और 22 जून को पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज में बनी इंदौर सुधांशु बैडमिंटन एकेडमी में ये तीन दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इधर, एसोसिएशन की बैठक में सचिव मुकेश मदान ने बताया कि इस 15वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के एकल डबल्स एवं मिक्स्ड डब्ल्स स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15, अंडर 17, अंडर 19 मेन्स और वुमेन्स मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। एसोसिएशन के प्रधान जुगल डावर ने बताया की इसका समापन 22 जून को विजेता खिलाडियों के पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। बैठक में मीडिया प्रभारी ओपी रणोलिया, सह सचिव दिनेश संदूजा, कोषाध्यक्ष सतीश महाजन एवं अभिषेक वत्स, सुधांशु प्रभाकर, विपिन शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

---

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी

- जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील सैनी ने पौधरोपण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला परिषद व ग्रामीणों द्वारा बहादुरपुर को पालिथीन मुक्त करने व गांव को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण और सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील सैनी ने पौधारोपण करके किया।

परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील सैनी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए जहां साफ सफाई का होना जरुरी है। वहीं, पौधारोपण करना भी जरुरी है। उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने का अनुरोध किया। मौके पर ग्रामीणों ने नीम, शीशम, विभिन्न फलदार पौधे रोपित किए। इस दौरान कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक बलिंद्र कटारिया ने ग्रामीणों को अपने घरों में सफाई के लिए भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर सरपंच सुनील कुमार, अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी वीबी, खंड समन्वयक मुकेश देवी, रीना, वंदना, ममता, सुषमा, अंशुल, तनवी, सीमा, सलमा, ग्राम सचिव नरेश कुमार, गोपाल, राजेश, सन्नी, ओसाड, सोहन, अकबर अली पंच व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# दीनानाथ कॉलोनी को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। दीनानाथ कालोनी के विकास कार्यों का उद्घाटन करते हरपाल ढांडा व अन्य।

नगर निगम वार्ड छह की दीनानाथ कॉलोनी में करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई गली, सडक़ों, नाली, सीवरेज व पेयजल लाइन एवं चार ट्यूबवेल का उद्घाटन हरियाणा सरकार के मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, नगर निगम की महापौर कोमल सैनी के पति दिनेश सैनी, पार्षद कोमल पांचाल व भाजपा नेता ईसम पांचाल के कर कमल द्वारा नारियल तोडक़र किया गया। पंडित दीपक पांडे ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि मंत्री महीपाल ढांडा ने सबसे पहले अवैध कॉलोनियों को वैध कराकर उनमें विकास कार्य करवाने का रास्ता खोला था, आज उसी का परिणाम है कि आज कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं।

इस अवसर पर वार्ड दो की पार्षद काजल शर्मा के पति अनिल शर्मा, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल, डा.रफल सिंह कश्यप, भूपेंद्र पांचाल, मोहर सिंह सैनी, विनोद सेन, जसवीर फौजी, रविंद्र फुले, विजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, प्रेम तोमर, अशोक वर्मा, तेजपाल प्रजापत, डॉ.अनिल पांचाल, राजेंद्र सैनी, तरुण तावड़ा, सुनील शर्मा, सचिन पाल, सुलेख पाल, राजेश नैन समेत बडी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित रहे।


पानीपत। हरियाणा नवोदय विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### हरियाणा नवोदय विद्यालय की एसोसिएशन का गठन

**पानीपत।** पानीपत की पावन धरा पर सोमवार को हरियाणा प्रदेश नवोदय विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर से नवोदय विद्यालयों के पूर्व विद्यार्थियों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गठन प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से विकास मलिक (पानीपत) को प्रधान, राम मेहर सिंह को महासचिव, प्रिया शर्मा को उप प्रधान, दीक्षित गोयल को खजांची तथा ब्रिज भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमवीर सिंह झज्जर और मंच संचालन डॉ. नरेन्द्र भिवानी ने किया। इस अवसर पर राजपाल दुहन, सुशील पोशवाल (जींद), शुभम कालिया, बृजेश भट्टी (करनाल), डॉ. राजेश डुल, कमल कुमार, विक्रम (कुरुक्षेत्र), कुलदीप, रिंकू (सोनीपत), डॉ. भगत सिंह (फरीदाबाद), संदीप तेवतिया, अभिषेक, भीम सेन नागरा (अंबाला), नरेश डुल व कृष्ण कुमार (कैथल), रोहित, विशाल, अमित (यमुनानगर), नवीन, परमजीत मलिक, महेंद्र दुग्गल, अजित विशिष्ठ, दीपक ज्येष्ठ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

---

# योग से निरोगी होता शरीर : विधायक विज

- शिवाजी स्टेडियम में विशेष कार्यक्रम में आम से लेकर खास तक ने किए योगासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। विधायक प्रमोद विज, डा हरीश, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि योग करते हुए।

पानीपत में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पूरे विश्व एवं भारतवर्ष में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में 20 जून को पूर्ण रिहर्सल भी की जाएगी। सोमवार को स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने स्वास्थ्य की चिंता करें और सकारात्मक रूप से योग को अपनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आज पूरे विश्व ने योग को अपनाया है। वहीं, उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए जिला प्रशासन की ओर से उन्हें बधाइयां भी प्रेषित की और कहां की योग को दैनिक जीवन में उतरकर हम जीवन में विभिन्न बदलाव ला सकते हैं योग मन के साथ-साथ तन को भी तंदुरुस्त रखता है। उन्होंने जिलेवासियों से योग मैराथन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद विधायक प्रमोद विज ने योग मैराथन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राजकपूर, हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा आदि उपस्थित रहे।

### सौतेले पिता पर फेरा डालने आई बेटी से दुष्कर्म का आरोप

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में सौतेले पिता पर शादी के बाद फेरा डालने आई बेटी के साथ डरा धमका कर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के एक गांव निवासी 24 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह आठ वर्ष की थी तो उसकी मां ने थाना छप्पर क्षेत्र के गांव कुलपुर निवासी सुरेश उर्फ पप्पी से दूसरी शादी की थी। शादी के बाद वह भी अपनी मां के साथ रहने लगी। इसके बाद सुरेश उर्फ पप्पी तथा उसकी मां के पास दो बच्चे हुए। पीड़िता ने बताया कि जब वह 18 वर्ष की हुई तो आरोपी ने उसे पर गलत नजर रखनी शुरू कर दी। जब भी वह अकेली होती आरोपी उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता ने बताया कि अप्रैल 2026 में उसकी शादी हो गई। जिसके बाद वह अपने ससुराल चली गई। शादी के कुछ दिन बाद वह अपनी मां के घर रहने के लिए आई। गत नौ मई को को रात 11 बजे सुरेश उर्फ पप्पी उसके कमरे में आया। जहां आरोपी ने डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## न्यूज डायरी


पानीपत। पुरुषोत्तम मास कथा वाचक पंडित बृजकिशोर को सम्मानित करते पार्षद व प्रधान तरुण गांधी। *फोटो : हरिभूमि*

### यज्ञ के साथ पुरुषोत्तम मास कथा को विराम दिया

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित 30 दिवसीय कथा का समापन हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने पुरुषोत्तम मास की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, जप और तप का महत्व बताया। पूर्णाहुति के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन संपन्न हुआ। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने संगत एवं सेवादारों का आभार व्यक्त करते हुए पंडित बृजकिशोर शास्त्री को पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मदद सेवा सोसाइटी के पदाधिकारी सम्मानित

**पानीपत।** विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ने समाज सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में योगदान के लिए मदद सेवा सोसाइटी की टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर सोसाइटी के प्रधान विक्की बत्रा, मनोज दुडेजा, हीरा मनचंदा, गौरव चुघ, अखिलेश मेंहदीरत्ता, अभिषेक चुघ, सचिन हंस, जगदीश बत्रा, तरुण छोकरा, अंशुल अरोड़ा, चिमन गुलाटी, अमित आहूजा, आशीष रावल, डॉ.नरेश चुघ, हेमंत शर्मा व सागर खुराना आदि उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मियों का आंदोलन जारी रहेगा

**पानीपत।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा सीटू की जिला आम सभा गीता कॉलोनी स्थित सीटू कार्यालय में जिला प्रधान सुल्तान सिंह की अध्यक्षता एवं जिला सचिव अशोक दुग्गल के संचालन में आयोजित हुई। राज्य प्रधान बसाऊ राम ने कहा कि कर्मचारी का दर्जा मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव सुनील दत्त, कुंवर पाल, सरोज देवी आदि उपस्थित रहे।

### लंबित शिकायतों पर डीसी ने किया जवाब तलब

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में सीएम विंडो, जन संवाद एवं समाधान शिविरों से संबंधित लंबित शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं लंबित शिकायतों पर संबंधी विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब किया गया।

### बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**पानीपत।** जिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता ने बताया की प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया की जिन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर रोल मॉडल के रूप में समाज में सराहनीय कार्य किया हो या इसके अतिरिक्त समाज कल्याण के रूप में, खेल, विज्ञान व तकनीकी, बहादुरी, कला, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया हो। ऐसे बच्चों को भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया जाता हैं।

---

## सोशल मीडिया के चलते बुजुर्गों की अनदेखी के मामले बढ़े : एससी सैनी

**रादौर।** रोटरी क्लब की ओर से सोमवार को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ.एससी सैनी ने कहा कि आज विश्व भर में बुजुर्गों के साथ हो रहे अत्याचार और अनदेखी के प्रति जागरुकता के लिए दुनिया भर में इसे मनाने की शुरुआत हुई। दुनिया भर में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप की गई थी। आजकल लोग सोशल मीडिया पर इतने व्यस्त होते हैं कि वह कभी घर के बुजुर्गों से बात ही नहीं करते।


यमुनानगर। रादौर में जानकारी देते डॉ.एससी सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

---

### रक्षा क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला

# डीआरडीओ टीडीएफ से रक्षा तकनीक पर हो रहा काम : अर्जुन

पाइट में एडवांसिंग इंडिजिनस डिफेंस टेक्नोलॉजी पर सेमिनार में नई तकनीक पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। पाइट में डीआरडीओ के एसोसिएट डायरेक्टर अर्जुन कुमार को सम्मानित करते राकेश तायल। *फोटो : हरिभूमि*

डीआरडीओ, नई दिल्ली में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (टीडीएफ) योजना के एसोसिएट डायरेक्टर एवं विज्ञानी अर्जुन कुमार ने कहा कि टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड योजना के माध्यम से नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्योगों व शोधकर्ताओं को रक्षा तकनीक विकसित करने के लिए सहयोग प्रदान किया जाता है। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा एडवांसिंग इंडिजिनस डिफेंस टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित सेमिनार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप्स, एमएसएमई और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पाइट के निदेशक प्रो. (डॉ.) शक्ति कुमार ने कहा कि भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों, उद्योगों और शोधकर्ताओं को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में सहयोगात्मक प्रयास बेहद आवश्यक हैं। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने विज्ञानी अर्जुन कुमार को सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक डीन प्रो. देवेंद्र मोहन रहे। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश वर्मा एवं एसोसिएट डीन प्रो. (डॉ.) पूनम पंवार ने किया।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे प्रत्येक प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नगराधीश अभिषेक गर्ग भी मौजूद रहें। एसडीएम ने सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उदेश्य से समाधान शिविर शुरू किए गए हैं।

### कल लगेगा जॉब फेयर पांच कंपनियां लेगी हिस्सा

**अंबाला।** मंडल रोजगार अधिकारी नृपेंद्र ने बताया कि 16 जून 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 9.30 बजे मण्डल रोजगार कार्यालय, के प्रांगण में एक जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर में निजी क्षेत्र की 5 कंपनियों जोमेटो, एचडीएफसी लाईफ इन्श्योरेंस, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस व भारत पे द्वारा मेट्रिक, 12वीं, ग्रेजूऐशन, पोस्ट ग्रेजूएशन व डिप्लोमा होल्डर प्रार्थियों का नौकरी हेतु मौके पर ही चयन किया जाएगा। इच्छुक प्रार्थी अपना रोजगार पंजीकरण कार्ड, बॉयो-डाटा, सभी मूल शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र तथा उनकी प्रतियां व फोटो लेकर मंडल रोजगार कार्यालय में उपस्थित हों।

### श्रमिक राष्ट्रनिर्माण की वास्तविक शक्तिः विज

**अंबाला।** विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे हमारे श्रमिक भाई राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति हैं। तपती गर्मी में भी निरंतर परिश्रम कर देश के विकास को गति देने वाले श्रमिकों के सम्मान एवं उत्साहवर्धन हेतु अंबाला छावनी में भाजपा वरिष्ठ नेता कपिल विज ने एनएच-44 सर्विस रोड, शास्त्री कॉलोनी के समीप कार्यरत श्रमिकों को सम्मानित किया।

### नौगामा खाप की चबूतरे पर पंचायत संपन्न

**जींद।** नौगामा खाप की पंचायत खाप चबूतरे पर हुई। जिसमें मुख्य रूप से कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला में आयोजित चिंतन शिविर में जिन जो प्रस्ताव पारित किया, उनको किस प्रकार से खाप में लागू किया जाए, पंचायत की अध्यक्षता जयबीर लोहान प्रधान नोगामा खाप ने की। इस मौके पर जयबीर ढुल ईक्कस, उप प्रधान राजबीर फौजी, उप प्रधान धर्मपाल सिंह घिमाना सैकरैटरी, प्रदीप घिमाना, सज्जन रेढू, रमेश ईगराह प्रधान, बिंदर नंबरदार आदि मौजूद रहे।

### डॉ. अर्चना का जींद में होगा जोरदार स्वागत आजः देवेंद्र

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद डॉ. अर्चना गुप्ता पहली बार जींद की धरती पर आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। 16 जून को डॉ. अर्चना गुप्ता जींद स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेंगी, जहां पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उनका जोरदार स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष का दौरा संगठन को और अधिक मजबूत करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

## पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक बिना अवकाश लिए की जनसेवा

# 12 वर्षों में देश ने विकास व सुशासन में ऐतिहासिक उपलब्धियां की हासिल : शर्मा

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में की हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं देश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। राज्यसभा सांसद ने सोमवार को एनआईसी कार्यालय के सभागार में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के


अंबाला। सम्मेलन में मौजूद राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप सिंह राणा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री पद तक बिना अवकाश लिए जनसेवा को अपना जीवन समर्पित किया है। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। यूपीआई प्रणाली ने डिजिटल भुगतान को नई पहचान दी है। देश के साथ-साथ विश्व के कई देश भी इस तकनीक को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में चंद्रयान-3 की सफलता, आदित्य एल-1 मिशन तथा गगनयान मिशन की तैयारियां भारतीय वैज्ञानिकों की क्षमता और प्रतिभा का प्रमाण हैं। वहीं रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। जो देश कभी हथियार आयात करता था, आज वह अनेक देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के आधारभूत ढांचे और रेलवे क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वंदे भारत ट्रेनों के संचालन से लेकर व स्टेशनों का आधुनिकिरण को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए है और लगातार ओर कार्य तेजी से किए जा रहें है। इसके साथ-साथ देश में सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा हैं, अंबाला में निर्माणाधीन घरेलू हवाई अड्डा बनकर लगभग तैयार हो चुका है, जिससे जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में बेहतर हवाई सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### महिला उत्थान के लिए लागू की योजनाएं

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में महिला उत्थान के लिए निरंतरता में कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में सुधार के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय न्याय संहिता में भी बदलाव करके उसे और मजबूत बनाया गया हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने न केवल अपने नागरिकों की रक्षा की बल्कि दुनिया के अनेक देशों की सहायता भी की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है तथा विकास को नई गति मिली है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## सही वोटर लिस्ट सशक्त चुनाव की नींव : सरवारा

- चित्रा बोली, सभी लोग एसआईआर प्रक्रिया में करें हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। युवा नेत्री चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती केवल मतदान के दिन मत डालने से नहीं, बल्कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाए रखने से भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह विशेष अभियान प्रत्येक जागरूक नागरिक के लिए लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आधारशिला है। यदि मतदाता सूची में त्रुटियां हों, पात्र मतदाताओं के नाम छूट जाएं अथवा गलत विवरण दर्ज हों तो इसका सीधा प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर उसे सही और अद्यतन करवाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे तथा गणना प्रपत्र भरवाएंगे।

### मतदान राष्ट्र की दिशा तय करने का अधिकार

लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक नागरिक होते हैं। मतदान केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की दिशा तय करने का अधिकार भी है। इसलिए मतदाता सूची का प्रत्येक नाम लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास और सहभागिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक सही मतदाता सूची निष्पक्ष, पारदर्शी और मजबूत चुनाव प्रणाली की गारंटी होती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल मतदाता सूची का पुनरीक्षण नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का उत्सव है। इसलिए प्रत्येक नागरिक आगे आए, अपने दस्तावेजों की जांच करे, आवश्यक सुधार करवाए और एक सशक्त, पारदर्शी तथा सहभागी लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करे।

नागरिकों को चाहिए कि वे इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें और अपने परिवार से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां सही रूप में उपलब्ध कराएं। सरवारा ने पात्र नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी केवल अधिकार नहीं बल्कि भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि जो युवा आगामी चुनावों में पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, वे अपने नाम सूची में दर्ज करवाएं।

## रोडवेज ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवती की मौत

- नारायणगढ़ मोड पर हुआ दर्दनाक हादसा, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

टी-पॉइंट नारायणगढ़ मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक हरियाणा रोडवेज की बस ने एक्टिवा सवार दो युवतियों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में एक 20 वर्षीय युवती की सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई, जबकि उसकी चचेरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी


शहजादपुर। हादसे में क्षतिग्रस्त एक्टिवा।

है। पुलिस को दिए बयान में 18 वर्षीय अनु ने बताया कि 14 जून 2026 को वह शहजादपुर अपनी बुआ सुनीता देवी के घर आई थी। उसकी दूसरी बुआ की लड़की समीक्षा उम्र 20 वर्ष, वासी नगला राजपुताना आईटीआई में पढ़ाई कर रही थी। वह पार्ट-टाइम मित्तल इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर काम करती थी। उससे मिलने अनु दुकान पर गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बहनें सड़क पर गिर गईं। समीक्षा का सिर सीधे सड़क पर लगा,जिससे उसका अत्यधिक खून बह गया। अनु के भी दाहिने कंधे, हाथ, पैर और बाएं घुटने पर गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को संभाला। समीक्षा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत सिविल अस्पताल अम्बाला कैंट ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल अनु को राहगीरों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहजादपुर में दाखिल कराया गया। शिकायतकर्ता अनु के अनुसार, बस चालक का नाम भारत भूषण है जिसने लापरवाही से बस चलाकर इस हादसे को अंजाम दियाहै। पुलिस टीम ने सीएचसी पहुंचकर घायल अनु के बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### सवा सात बजे हुआ हादसा

शाम करीब सात बजे दोनों बहनें एक्टिवा पर सवार होकर घर के लिए निकलीं। एक्टिवा अनु चला रही थी। समीक्षा पीछे बैठी हुई थी। जब दोनों बहनें करीब सवा सात बजे टी-पॉइंट नारायणगढ़ मोड़ के पास पहुँचीं, तो पीछे से शहजादपुर की तरफ से आ रही एक हरियाणा रोडवेज की बस के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए एक्टिवा को साइड से जोरदार टक्कर मार दी।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष बिंदल का आढ़ती एसोसिएशन ने किया अभिनंदन

- व्यापारियों के लिए सदैव संघर्ष करते रहेंगे : राकेश बिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़


नारायणगढ़। राकेश बिंदल अभिनंदन करते कारोबारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा गांव बरौली के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश बिंदल को प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र के व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर है। सोमवार को अनाजमंडी में राकेश बिंदल के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन तथा नारायणगढ़ राइस मिल्स एसोसिएशन नें राकेश बिंदल को पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राकेश बिंदल ने व्यापारी वर्ग को आश्वासन दिलाया कि वे व्यापारियों के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र सैनी के छोटे भाई चंदन सैनी सहित मदन लाल चानना, ओम प्रकाश चानना, देवेंद्र सैनी, राहुल गर्ग, अशोक कालड़ा , रघुबीर चानना, अश्वनी अग्रवाल, हरीश कालड़ा, हरपाल सिंह, सचिन अग्रवाल आदि रहे।

## श्री शिव मंदिर सभा में गड़बड़ियों को लेकर हटाए गए प्रधान, प्रशासक को जिम्मेदारी

- प्रधान प्रवेश कुमार व उनके सहयोगी मंदिर की संपत्ति का कर रहे थे दुरूपयोग

**अंबाला।** मतिदास नगर स्थित श्री शिव मंदिर सभा के संचालन में वित्तीय गड़बड़ियों, फर्जी सदस्यता और नियमों की अनदेखी की शिकायत के बाद जिला रजिस्ट्रार ने कड़ा संज्ञान लिया है। विभाग ने वर्तमान प्रबंधन को हटाकर सभा के कामकाज को संभालने और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया है। प्रशासक ने सभा के सदस्यों के साथ बैठक की और पूर्व प्रधान प्रवेश सोबती को मंगलवार तक सभा से जुड़े दस्तावेज सुपुर्द करने का निर्देश दिया। मतिदास नगर (वार्ड नंबर 10) के स्थानीय निवासियों और मंदिर सभा के सदस्यों ने 7 अप्रैल 2026 को उप मंडल अधिकारी (एसडीएम) छावनी को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि सभा के प्रधान प्रवेश कुमार सोबती और उनके सहयोगी मंदिर की संपत्ति और गुल्लक के चढ़ावे का दुरुपयोग कर रहे हैं। सदस्यों द्वारा हिसाब मांगने पर उन्हें कोई रिकॉर्ड नहीं दिया जाता। यही नहीं, मंदिर के नाम पर दो अलग-अलग बैंकों (इंडियन बैंक और को-ऑपरेटिव सोसाइटी) में खाते चलाए जा रहे हैं। सालों से लोगों को जो चंदे की पर्चियां काटी जा रही थीं, उन पर पुराना रजिस्ट्रेशन नंबर 1372 अंकित था, जो जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में मान्य नहीं था। इसके अलावा, नियमों को ताक पर रखकर 200 से अधिक फर्जी सदस्य बनाए गए और 12-15 वर्षों से संस्था की इनकम टैक्स रिटर्न भी दाखिल नहीं की गई थी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू बीएलओ घर-घर दे रहे एसआईआर प्रपत्र

- नारायणगढ़ विधानसभा में शुरू हुआ गहन पुनरीक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य चुनाव अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। एसडीएम ने बताया


शहजादपुर। एक व्यक्ति की जानकारी लेता बीएलओ। फोटो : हरिभूमि

कि अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें प्रपत्र भरने तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने के बारे में जानकारी भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र मतदाता, मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

## पुरुष वर्ग की स्वास्थ्य देखभाल में सबसे बड़ी चुनौती बीमारी का देर से पत्ता चलनाः रंधावा



**अंबाला।** "पुरुष अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने में कम रुचि दिखाते हैं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के गंभीर होने तक लक्षणों को नजरअंदाज करते रहते हैं। प्रोस्टेट का बढ़ना, किडनी की पथरी, यूरिनरी ट्रैक्ट की समस्याएं और प्रोस्टेट कैंसर जैसी कई आम यूरोलॉजिकल बीमारियों का शुरुआती दौर में पता चलने पर प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है।"सोमवार को पुरुष स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के मौके पर बोलते हुए, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर, डॉ एमएस रंधावा ने कहा कि पुरुषों की स्वास्थ्य देखभाल में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बीमारी का देर से पता चलना है। उन्होंने बताया कि कई पुरुष पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून आना या लगातार बेचैनी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं।उन्होंने जानकारी दी कि शुरुआती जांच और नियमित हेल्थ चेक-अप से स्वास्थ्य संबंधी संभावित समस्याओं को गंभीर रूप लेने से पहले ही पहचाना जा सकता है।डॉ रंधावा ने सलाह दी कि प्रोस्टेट स्वास्थ्य की नियमित जांच और समय पर डॉक्टरी सलाह पुरुषों के बेहतर दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी पीना और तंबाकू के सेवन से परहेज करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से कई स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

### 16 से 18 जून तक लगाए जाएगे विशेष जनकल्याण एवं पंजीकरण शिविरः एसडीएम

**अंबाला।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 से 18 जून 2026 तक विशेष जनकल्याण एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि लघु सचिवालय में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जबकि इसी स्थान पर पंजीकरण शिविर पूरे दिन यानि (कार्यालय समय के दौरान) संचालित रहेंगे। एसडीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना तथा अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग मैराथन को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

# योग जीवन का अभिन्न अंग, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता : दर्शन

योग मैराथन से जुड़े सदस्यों ने योग की महता पर आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन, खेल विभाग व आयुष विभाग के सौजन्य से पुलिस लाईन मैदान के नजदीक से योग मैराथन का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मैराथन को झंडी दिखाकर


अंबाला। मैराथन को हरी झंडी दिखाते एसडीएम दर्शन कुमार।

रवाना किया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी संजय राजपाल, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है। योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से भी बच सकते हैं। आज आयोजित योग मैराथन में आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधियों व सदस्यों ने इसमें भाग लेकर योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम किया। विद्यार्थियों व खिलाडिय़ों ने हाथों में पट्टिकाएं जिसमें योग है अनिवार्य बाकी सब बेकार, योग लाएगा स्वास्थ्य का राज, इसे धारण करने से स्वस्थ बनेगा समाज, न कोई कष्ट न कोई रोग जब जीवन में होगा योग इत्यादि के माध्यम से योग से जुडऩे बारे संदेश दिया। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पहले से ही बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी जगहों पर कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग युक्त नशा मुक्त योग दिवस पर मनाया जाएगा।

### पुलिस लाइन से गलैक्सी चौक तक हुई मैराथन

योग मैराथन पुलिस लाईन मैदान अंबाला शहर से शुरू होकर ग्लैक्सी चौक के सामने से होते हुए सेशन हाउस, ऑफिसर कॉलोनी से होते हुए पुलिस लाईन मैदान पर आकर संपन्न हुई। मैराथन में शामिल प्रतिभोगियों में काफी उत्साह था। स्कूली विद्यार्थियों, खिलाडिय़ों व अन्य ने शामिल होकर सभी को योग से जुडऩे बारे प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. दर्शन, डॉ जितेंद्र, योगविशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।